>

Title: Need to introduce revaluation system in examinations conducted by ITI/ITC.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): सभापति जी, भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित आईटीआई, आईटीसी में लाखों छात्र हर छह माह में ट्रेड परीक्षा देते हैं और इस परीक्षा में ग्रामीण छात्र भाग लेते हैं। इस परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन पद्धति नहीं है, जिससे कई बार अनेक छात्र गलत मूल्यांकन के कारण फेल हो जाते हैं। किंतु छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका दिखानी तो दूर की बात है बल्कि उनको पुनर्मूल्यांकन की सुविधा भी नहीं दी जाती है। जब सभी परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक करने की बात हो रही है तो फिर आई.टी.आई. में पुनर्मूल्यांकन की सुविधा क्यों नहीं दी जाती है? मेरी यह मांग है कि छात्रों की संतुÂिष्ट हेतु यह प्रणाली शीघ्र शुरु करनी चाहिए। धन्यवाद।